हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 17 दिसंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 21.2 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

4
जिले की गवर्नेंस एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट की जाएगी तैयार




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### सरला एकादशी पर जगन्नाथ मंदिर में दिव्य द्वीप प्रज्जवलन



**जशपुरनगर।** जिले के दोकड़ा में सोमवार की शाम सरला एकादशी पर्व के अवसर पर ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में परंपरागत द्वीप प्रज्वलन का भव्य आयोजन किया गया। रथ यात्रा काल से अनवरत चली आ रही इस धार्मिक परंपरा के अंतर्गत सायंकाल मंदिर परिसर में श्रद्धा और आस्था के साथ दीप प्रज्वलित किए गए।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर परिसर हरि नाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और आरती की मधुर ध्वनि से भक्तिमय हो उठा। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने सरला एकादशी के पुण्य अवसर पर दीप प्रज्वलन कर सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना की। आयोजन ने धार्मिक परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और जनआस्था को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम डुडुगंजोर निवासी स्व. शिवकुमार राठिया का कुआं के पानी में डुबने से 16 फरवरी 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी कुमारी पुष्पा हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जशपुर में 19 को लगेगा लर्निंग लाइसेंस शिविर

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार 19 दिसम्बर 2025 को तहसील परिसर जशपुर में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को विधिवत लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने हेतु प्रेरित करना एवं सुरक्षित वाहन संचालन को बढ़ावा देना है। जिला परिवहन अधिकारी जशपुर ने बताया कि लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने के इच्छुक आवेदक किसी भी लोक सेवा केंद्र अथवा च्वाइस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आवेदक स्वयं भी परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट चंतपऔंद.हवअ.पद पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के पश्चात आवेदकों को 19 दिसंबर 2025 की तिथि का स्लॉट (अपॉइंटमेंट) लेना अनिवार्य होगा। जिन आवेदकों ने निर्धारित तिथि का स्लॉट लिया है, वे 19 दिसम्बर 2025 को अपने आवेदन से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के साथ तहसील परिसर जशपुर में उपस्थित होकर शिविर का लाभ ले सकेंगे। शिविर के माध्यम से लर्निंग लाइसेंस से संबंधित प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाया जाएगा, जिससे नागरिकों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग ने जिले के सभी वाहन चालकों, युवाओं एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### लोधमा में धर्म रक्षा और हिन्दू एकता का दिया गया संदेश

# धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष, त्याग करना इतिहास हमें यही सिखाता है: जूदेव



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ धर्मांतरण और जिहाद जैसी गतिविधियों के विरुद्ध जागरूक रहना प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य: वर्मा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा जोकरी मंडल के लोधमा में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी भाई बहन माताएं और बुजुर्गों की सहभागिता रही इस विशाल हिन्दू सम्मेलन का माहौल पूरी तरह धार्मिक चेतना और सांस्कृतिक एकता से ओतप्रोत रहा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कवर्धा से आए संघ पदाधिकारी चंद्रशेखर वर्मा रहे वहीं मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विजय आदित्य सिंह जूदेव उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संघ संचालक राजीव रत्न नन्दे ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष शम्भूनाथ चक्रवर्ती सरपंच सीतामुनी सहित आसपास के अनेक ग्रामों से आए धर्मप्रेमी जन बड़ी संख्या में शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान धर्म संस्कृति और राष्ट्रभक्ति से जुड़े नारों से वातावरण गूंजता रहा कार्यक्रम का समापन संगठनात्मक संकल्प और समाज को जागरूक रखने के संदेश के साथ हुआ। मुख्य वक्ता चंद्रशेखर वर्मा ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि आज हमारा समाज बंटा हुआ दिखाई देता है इसे एकजुट रखना हम सभी का दायित्व है,हिन्दू समाज को ⏭ शेष पेज 4 पर



### स्व. दिलीप सिंह ने समाज के लिए सर्वस्व न्यौछावर किया

मुख्य अतिथि विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष आवश्यक है इतिहास गवाह है कि धर्म की रक्षा के लिए त्याग करना पड़ता है उन्होंने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने महल का सुख त्याग कर गांव गांव जाकर धर्म और हिन्दू समाज की रक्षा का संकल्प लिया और अपना सर्वस्व समाज को समर्पित कर दिया। उन्होंने भगवान राम का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान राम ने भी धर्म की मर्यादा के लिए महल त्याग कर वनवासियों के बीच जीवन बिताया असंख्य कष्ट सहे लेकिन कभी धर्म मार्ग से विचलित नहीं हुए संघर्ष के बाद ही वे मर्यादा पुरुषोत्तम बने उन्होंने कहा कि आज हम सबको उसी मार्ग पर चलते हुए हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए सदैव एकजुट रहना होगा। अपने वक्तव्य में विजय आदित्य सिंह जूदेव ने कहा कि हिन्दू समाज की शक्ति उसकी एकता में है जब तक हम संगठित रहेंगे तब तक कोई भी शक्ति हमारी संस्कृति और आस्था को कमजोर नहीं कर सकती आज का यह सम्मेलन केवल आयोजन नहीं बल्कि चेतना का जागरण है उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे धर्म संस्कृति और राष्ट्र के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाएं।

### मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का शुभारंभ

## ग्रामीण क्षेत्र रनपुर, दोकड़ा, कांसाबेल पत्थलगांव रूट पर चलेगी नई बस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनहितकारी पहल के तहत मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का शुभारंभ कर दिया गया है। इस नई बस सेवा के शुरू होने से रनपुरदृदोकड़ादृकांसाबेलदृपत्थलगांव मार्ग के ग्रामीण अंचलों को आवागमन की बड़ी सुविधा मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

■ दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगी यात्रा में छूट

यह बस सेवा सुबह 7 बजे रनपुर से प्रस्थान करेगी और अपने निर्धारित मार्ग में गोरिया, बंदरचूआ, बगिया, बांसबहार, दोकड़ा, जूनाडीह, कोगाबहरी, पूसरा, कांसाबेल, पोंगरो, लुड़ेग होते हुए पत्थलगांव तक चलेगी। इससे विद्यार्थियों, कर्मचारियों,किसानों, व्यापारियों और आम ग्रामीण नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा के अंतर्गत पात्र दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा में पूरी छूट दी जाएगी। यह सुविधा सामाजिक समावेशन और संवेदनशील शासन का सशक्त उदाहरण है।ग्रामीण इलाकों में नियमित बस सेवा के अभाव से लोगों को निजी साधनों या महंगे विकल्पों पर निर्भर रहना पड़ता था। अब इस बस सेवा के शुरू होने से स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार तक पहुंच आसान होगी। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

## उड़नदस्ता ने 4 पिकअप वाहन 385 बोरी धान किया जब्त

**जशपुरनगर।** जिले में अवैध धान परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम फरसाबहार के नेतृत्व में गठित उड़नदस्ता दल ने आज औचक निरीक्षण के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए चार पिकअप वाहनों को अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए पकड़ा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, औचक निरीक्षण के दौरान पकड़े गए चारों पिकअप वाहनों में 385 बोरी तक धान अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। जांच के दौरान संबंधित वाहनों के पास धान परिवहन से संबंधित आवश्यक वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए गए, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों को जब्त किया गया। इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार थामेश्वर राठिया एवं खाद्य निरीक्षक पुष्पेंद्र पटेल सहित उड़नदस्ता दल के अन्य सदस्य मौजूद रहे। जब्त किए गए वाहनों में से दो पिकअप वाहन थाना तपकरा तथा दो पिकअप वाहन उपर कछार चौकी के सुपुर्द किए गए हैं। धान की मात्रा का भौतिक सत्यापन कर प्रकरण तैयार करते हुए आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में धान खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी अवैध गतिविधि को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध धान परिवहन, भंडारण अथवा खरीदीदृबिक्री में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहकर निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि शासन की धान खरीदी व्यवस्था पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं किसान हितैषी बनी रहे।

## जिले में 4 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की होगी स्थापना

### ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी नई मजबूती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के ग्रामीण अंचलों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सौगात मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले में 4 नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की है। इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं और अधिक सुलभ, सुदृढ़ और प्रभावी होंगी।मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन हेतु प्रति संस्था 12 पदों के मान से पद सृजन की सहमति की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है, जिससे इन केंद्रों में शीघ्र ही नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ की जा सकेंगी।

जिले के दुलदुला तहसील क्षेत्र के ग्राम करडेगा, फरसाबहार तहसील क्षेत्र के ग्राम पेटामारा (अंकिरा) एवं ग्राम गंझियाडीह तथा कुनकुरी तहसील क्षेत्र के ग्राम केराडीह में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मंजूरी मिली है।प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट ग्रेड–02,स्टाफ नर्स, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता,लैब टेक्नीशियन, सहायक ग्रेडी–03,वार्ड बॉय,आया पद की नवीन पदस्थापना की जाएगी। इन केंद्रों की स्थापना से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्राथमिक उपचार, जांच सुविधाएं और आपातकालीन सेवाएं ग्रामीणों को उनके ही क्षेत्र में उपलब्ध होंगी। इससे मरीजों को जिला मुख्यालय या दूरस्थ अस्पतालों तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में जिले को स्वास्थ्य अधोसंरचना के क्षेत्र में लगातार बड़ी सौगातें मिल रही हैं।बीते दो वर्षो में जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज के लिए वित्त विभाग से 359 करोड़ रुपए की सहमति, 220 बिस्तर वाले अस्पताल भवन के निर्माण हेतु 32 करोड़ रुपए की मंजूरी,कुनकुरी में नेचुरोपैथी भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 62 लाख रुपए की मंजूरी,जिला मुख्यालय में कल्याण आश्रम चिकित्सालय के अत्याधुनिक भवन 35 करोड़ रुपए की लागत से तेजी से किया जा रहा है निर्माण,जिले को फिजियोथेरेपी महाविद्यालय 14 करोड़ रुपये की मंजूरी, नर्सिंग महाविद्यालय की स्थापना के लिए 8 करोड़ 78 लाख की मंजूरी,कुनकुरी के गिनाबहार मातृत्व एवं शिशु चिकित्सालय भवन का निर्माण 8 करोड़ 77 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है ,एवं कोतबा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के लिए 4 करोड़ 37 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है, कुनकुरी में डायलिसिस सेंटर की स्थापना से लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले का स्वास्थ्य ढांचा तेजी से सशक्त हो रहा है। यह बड़ी सौगात न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करेगी, बल्कि जिले को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई पहचान और ऊंचाई प्रदान करेगी।



## पुलिस ने 10 गौवंश छुड़ाए एक तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में गौ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत जशपुर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना आस्ता क्षेत्र में पुलिस ने तस्करों के चंगुल से 10 नग गौ वंशों को सकुशल मुक्त कराया, जबकि तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने चिन्हित कर लिया है और उसकी तलाश जारी है।



गिरफ्तार आरोपी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 दिसंबर 2025 की तड़के करीब 5 बजे थाना आस्ता पुलिस को ग्रामीणों से पुख्ता सूचना मिली थी कि एक सफेद पिकअप वाहन क्रमांक जेएच-01-इवाय-1099 में गौ वंशों को भरकर हर्राडीपा मार्ग से झारखंड के लोहरदगा ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए ग्राम हर्राडीपा के पास नाकाबंदी की।

### अयंत्रित हो पिकअप सड़क से उतरा नीचे

नाकाबंदी के दौरान पुलिस को देखकर पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया। इसी दौरान एक आरोपी जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन के पास पहुंचकर देखा तो उसमें एक युवक मौजूद था, जिसने पूछताछ में अपना नाम सलमान खान उम्र 26 वर्ष, निवासी साईं टांगर टोली, थाना लोदाम, जिला जशपुर बताया। वाहन की तलाशी लेने पर त्रिपाल से ढंककर रखे गए 10 गौ वंश बरामद किए गए।

### नहीं दिखा सके गौ वंश संबंधित वैध दस्तावेज

जब आरोपी से गौ वंशों के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह गौ वंशों को एक अन्य व्यक्ति के साथ लोहरदगा, झारखंड ले जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर विधिवत कार्रवाई की।

### आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ पशु परीक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

थाना आस्ता में आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 व 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं, घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। फरार आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

### आकर्षि की मेहनत, अनुशासन और जुनून ने भरी अंतरराष्ट्रीय उड़ान

# कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास से मिलती है हर बाधा पर विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय बैडमिंटन के आकाश में नई प्रतिभाएं लगातार उड़ान भर रही हैं। साइना नेहवाल और पीवी सिंधु के बाद अब युवा खिलाड़ियों की नई पौध देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन कर रही है। इन्हीं नामों में छत्तीसगढ़ की होनहार खिलाड़ी आकर्षि कश्यप भी शामिल हैं, जिन्होंने संघर्ष, अनुशासन और सतत मेहनत के दम पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

दुर्ग जिले के भिलाई शहर की निवासी आकर्षि कश्यप ने महज़ आठ वर्ष की उम्र में बैडमिंटन की शुरुआत की। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अभ्यास और अनुशासन को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। आकर्षि का कहना है कि सुविधाओं की कमी आड़े आ सकती है, लेकिन कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास से हर बाधा ⏭ शेष पेज 4 पर



**खेल और शासकीय सेवा, दोनों में मिसाल:** आकर्षी कश्यप को उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गुंडाधुर अवार्ड और शहीद कौशल यादव अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। खेल के साथ-साथ वे वर्तमान में दुर्ग जिले में सीएसपी के पद पर अपनी सेवाएं दे रही हैं, जो उन्हें युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बनाता है।



### कॉमनवेल्थ गेम्स बना करियर का स्वर्णिम अध्याय

आकर्षी के खेल जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ वर्ष 2014 में आया, जब उन्होंने अंडर-13 नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक हासिल किया। यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि 24 अगस्त, जिस दिन उन्होंने गोल्ड मेडल जीता, वही उनका जन्मदिन था। इसके बाद 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालिफाई करते हुए लगातार सात मैच जीतना उनके लिए जीवन की सबसे बड़ी खुशी साबित हुई। बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने मिक्स्ड टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया।

**अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों की प्रभावशाली सूची की लंबी फेहरिस्त**

कॉमनवेल्थ गेम्स, बर्मिंघम मिक्स्ड टीम: रजत पदक, कॉमनवेल्थ गेम्स, बर्मिंघम इंडिविजुअल: 5वां स्थान एशिया टीम चैम्पियनशिप, मलेशिया सहभागिता, एशिया चैम्पियनशिप, *फिलीपीन्स सहभागिता, थॉमस एंड उबर कप, थाईलैंड सहभागिता, साउथ एशियन गेम्स 2019 नेपाल – विजेता आकर्षी कश्यप की यह प्रेरक यात्रा बताती है कि छोटे शहरों से निकलकर भी बड़े सपनों को साकार किया जा सकता है, बशर्ते लक्ष्य स्पष्ट हों और मेहनत निरंतर हो।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### विकासखंड की विभिन्न प्राथमिक शालाओं के बच्चों को बांटे गए स्वेटर

**भैयाथान।** प्रकाश इंडस्ट्रीज कोल माइंस द्वारा विकासखंड की 40 प्राथमिक शालाओं के लगभग 12 सौ छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में स्वेटर वितरण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए भास्करपारा स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज कोल माइंस के डायरेक्टर एके चतुर्वेदी के निर्देश पर यह पहल की गई है, जिसके तहत विकासखंड की विभिन्न प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत प्राथमिक शाला खाड़ापारा, दानौली, केवरा भैयाथान एवं बप्पा शाला खाड़ापारा में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण कर की गई। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह ने कोल माइंस के इस जनहितकारी कार्य के लिए प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक दायित्व निभाने से जरूरतमंद बच्चों को सीधा लाभ मिलता है। इस दौरान कोल माइंस की ओर से डी पात्रा, विजय यादव, पीके सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी फूलसाय मराबी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह तथा जन शिक्षक प्रमोद दुबे उपस्थित रहे।

### छात्र हित से जुडी समस्याओं को लेकर कुलपति को सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों में छात्र छात्राओं को होने वाली समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस आरटीआई विभाग के चेयरमैन हिमांशु जायसवाल के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने कुलपति प्रो. राजेन्द्र लकपाले से मुलाकात की। इस दौरान युवा कांग्रेस ने बताया कि प्राइवेट परीक्षा देने वाले बहुत से छात्र आवेदन नहीं कर सके है इसके लिए परीक्षा के आवेदन हेतु समय सीमा बढ़ाई जाए। विश्वविद्यालय में छात्र सहायता एंड्रायड ऐप बनाया जाए जिससे छात्रों को समस्त जानकारी वन क्लिक से मिल सके इसके साथ ही एप में ऑनलाइन आवेदन भरने की व्यवस्था हो। छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए भकुरा में पुलिस चौकी, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जाए जिससे अगर कोई स्थिति बनती है तो तुरंत उपचार और कार्रवाई हो सके। हिमांशु ने बताया कि अगर विश्वविद्यालय के गलती से छात्र को विश्वविद्यालय में भटकना पड़ा तो उनके आने जाने का ट्रैवलिंग अलाउंस भी विश्वविद्यालय को देना होगा। इन सब मांगो को विचार करते हुए कुलपति ने छात्रहित में जल्द पूरे करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सुरेंद्र गुप्ता, आयुष गुप्ता, कृष्ण यादव, प्रमोद जायसवाल, सत्यम यादव, अभिनव काशी आदि उपस्थित थे।

### विधिक साक्षरता शिविर ग्रामीणों को दी गई कानूनों की जानकारी



**रामानुजगंज।** ग्राम पंचायत महावीगंज में आज विशाल विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश एवं अन्य न्यायधीशों व अधिवक्ताओं द्वारा ग्रामीणों को कानूनी जानकारी दी। इस अवसर पर जनपद पंचायत कृषि स्थाई समिति रामचंद्रपुर राजकुमार यादव, थाना प्रभारी अश्विनी सिंह, सरपंच श्रीमती निर्मला सिंह, उप सरपंच श्रीमती मालती नागवंशी, सचिव रामप्रीत सिंह, रामपुकार यादव, पंच माखन नागवंशी, आनंद यादव, परमानंद ठाकुर, मनोहर यादव, इंतेखाब अंसारी, गनू रवि, नरेश भगत, रामलखन पटेल, शिवनाथ सिंह, सुदर्शन प्रजापति, पारसनाथ प्रजापति, शिवदास सिंह, विद्यासागर सिंह, बासदेव सिंह, अमरनाथ सिंह, जगन्नाथ सिंह, बादेव प्रजापति, जयराम प्रजापति, सुभान अंसारी, मोकरम अंसारी, लुकमान अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और शिविर का लाभ उठाए।

### नपं के विकास कार्य के लिए मिली 235 लाख की स्वीकृति

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के प्रयास से कुसमी नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य हेतु 235.04 लाख रुपए राशि की



नगरीय प्रशासन रायपुर से प्राप्त हुई है। विधायक ने नगर पंचायत के विकास कार्य के लिए प्रस्ताव पारित कर रायपुर मंत्रालय में राशि स्वीकृति प्रदान कराने की मांग भिजवाई थी। इसी प्रकार पूर्व में भी लवकशपुर नदी में करोड़ों रुपए की राशि से डायवर्सन बांध, चांदो में भूपका जलाशय योजना, रातसिली ग्राम पंचायत अंतर्गत पूर्व में बने हुए अधूरे बांध की करोड़ों रुपए की राशि दिलाने की स्वीकृति सहित चांदो कंठी घाट में सड़क निर्माण कार्य, सामरी से चरहट मार्ग में 7 करोड़ की सीसी सड़क निर्माण सहित आदिवासी सुदूर अंचल में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना एवं प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत पक्की सड़क निर्माण सहित पुल पुलिया के निर्माण, छात्रावास निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान कराने में सामरी विधायक ने क्षेत्र के लिए सराहनीय भूमिका निभाई गई है।

बनने के बाद ही उखड़ रही सड़क, 84 करोड़ की लागत से बन रही सड़क

# पांच साल बाद भी पूर्ण नहीं हो सकी प्रतापपुर-राजपुर की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर-राजपुर मार्ग पर चल रहे पीडब्ल्यूडी विभाग का सड़क और नाली निर्माण में गुणवत्ता को दरकिनार कर किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है पांच साल से बन रहे सड़क निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नहीं हो सकी।आलम यह है कि सड़क व नाली निर्माण के कछुआ गति से चल रहे कार्य अब राहगीर समेत क्षेत्र वासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। गुणवत्ताहीन निर्माण से जहां बनने के बाद ही सड़क उखड़ने लगी है तो कई जगह भारी वाहनों के आने जाने नवनिर्मित सड़क पर ही गड्ढे हो गए है। ऐसा नहीं है कि संबंधित विभाग अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके किसी प्रकार के ध्यान नहीं देने से इसका खामियाजा राहगीर समेत क्षेत्र वासियों को भुगतना पड़ रहा है।

**खास बात**

- घटिया सड़क और नाली निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश

प्रतापपुर-राजपुर के बीच लोक निर्माण विभाग द्वारा की स्वीकृति के बाद से ठेकेदार द्वारा करोड़ों की लागत से टू लेन सड़क निर्माण कराया जा रहा है। 84 करोड़ की लागत से बन रही सड़क निर्माण बड़े ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। 28 किलो मीटर की सड़क निर्माण शुरू हुए पांच साल होने को बावजूद इसके आज तक पूर्ण नहीं सकी। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल ने इस सड़क मार्ग पर हो रहे निर्माण पर सवाल उठाया है। उन्होंने बताया कि सड़क अभी पूरी तरह से बनकर तैयार भी नहीं हुई और 5 वर्षों से बन रही है। सड़क बनते के साथ उखाड़ना शुरू हो गया है जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे है। बीच-बीच में पेंच रिपेयरिंग का कार्य भी चल रहा है जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि करोड़ों की लागत से बन रही प्रतापपुर से राजपुर सड़क निर्माण गुणवत्ता पर कितना ध्यान दिया जा रहा है। सड़क में मोटा ढलाई कंक्रीट सड़क का निर्माण हुआ है और डामरीकरण का भी काम चल रहा है। बावजूद इसके सड़क निर्माण आज तक पूरा नहीं हो सका और जगह-जगह सड़क दब गया है और गई जगह टूट गई है। इतना ही नहीं सड़क गुणवत्ता की जांच करने विभागीय अधिकारी या इंजीनियर साइट पर मौजूद नहीं होते ऐसे में ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से गुणवत्ता को दरकिनार कर सड़क और नाली निर्माण करा रहे है। जबकि पीडब्ल्यूडी के नियमानुसार, हर निर्माण स्थल पर तकनीकी निरीक्षण, कार्य डायरी, गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण और इंजीनियर की उपस्थिति अनिवार्य होती है, लेकिन यहां इन सभी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। ऐसे में सड़क और नाली कितना टिकाऊ होगा इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



निर्माणाधीन आधी-अधूरी सड़क।

### सड़क की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

प्रतापपुर-राजपुर सड़क की सबसे बड़ी खास बात यह है कि आधा सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग सूरजपुर में आता है जबकि आधा सड़क बलरामपुर रामानुजगंज डिवीजन में आता है। जिसके वजह से सड़क के गुणवत्ता को लेकर सवाल उठता है। हालांकि पूरे सड़क निर्माण को बलरामपुर जिले से पीडब्ल्यूडी अधिकारी संचालित करते हैं। अधिकारियों की सांठगांठ पर ठेकेदार की मनमानी के वजह से सड़क की हालत बद से बत्तर हो गई है।

#### छोटी पुलिया का कार्य नहीं हुआ शुरू

राजपुर रोड के कई हिस्सों पर प्रस्तावित छोटी पुलिया का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। जबकि यह पुलिया जल निकासी और सड़क की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक थीं। बिना पुलियों के बारिश का पानी नालियों में समुचित रूप से नहीं बह सकेगा। ऐसे में आने वाले दिनों में सड़क किनारे कटाव और धंसाव की समस्या बढ़ेगी, भारी बारिश के दौरान जलभराव से आमजन को भारी परेशानी और दुर्घटनाओं का खतरा अधिक होगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह निर्माण कार्य पिछले पांच वर्षों से चल रहा है, लेकिन आज तक न पूर्णता की कोई उम्मीद दिख रही है और न ही निर्माण की गुणवत्ता में कोई सुधार हुआ है।

#### कराई जाएगी जांच

घटिया सड़क निर्माण कराने पर विभागीय अधिकारियों से जवाब तलब की जाएगी, साथ ही जांच के आदेश दिए जाएंगे। गुणवत्ता सही नहीं पाए जाने पर जांच कार्रवाई करने के लिए निर्देशित करती हूं।
-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर



## डीएवी स्कूल में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,उत्कृष्टता केन्द्र भुनेश्वर, उड़ीसा के तत्वावधान में शनिवार को स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढाँचा 2023 विषय पर एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आयोजक डीएवी स्कूल बिश्रामपुर, डीएवी भटगांव, पांडवपारा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जमड़ी, ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल अंबिकापुर, कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल अंग्रेजी माध्यम बिश्रामपुर, साधुराम विद्यामंदिर सूरजपुर एवं माउंट लिटरा स्कूल के विविध विषयों के 55 अध्यापक-अध्यापिकाएं कार्यशाला में सम्मिलित होकर लाभान्वित हुए।

- विभिन्न स्कूलों से अलग-अलग विषयों के 55 अध्यापक-अध्यापिकाएं कार्यशाला में सम्मिलित होकर हुए लाभान्वित

इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयी शिक्षा को अधिक समावेशी, लचीला, व्यावहारिक और बाल-केंद्रित बना कर विद्यार्थियों को रचनात्मक, आत्मनिर्भर, जिम्मेदार और वैश्विक नागरिक के रूप में विकसित करना है। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा प्रकाश कुमार गुप्ता, समन्वयक एचिवर्स पब्लिक स्कूल बिलासपुर व शर्मिला मुखर्जी, पीजीटी हाट्र्स एजुकेशनल एकेडमी रायपुर को सैंपलिंग प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। कार्यशाला के वेन्यू डायरेक्टर अनामिका भारती ने रिसोर्स परसन एवं कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं का हार्दिक स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार, बच्चों का सर्वांगीण विकास एवं विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का विकास अत्यावश्यक है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढाँचा 2023 में रटंत विद्या प्रणाली की बजाय समझ-आधारित, गतिविधिपरक और अनुभवात्मक शिक्षा पर विशेष ज़ोर दिया गया है। ऐसी कार्यशाला से शिक्षकों में विविध कौशलों के विकास के साथ- साथ तकनीकी ज्ञान भी विकसित होता है। कार्यशाला के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों की वास्तविक समझ और कौशल का आकलन, जीवन कौशल, नैतिक मूल्य, विषय चयन की स्वतंत्रता आदि बिंदुओं पर ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी जानकारियां प्रदान की। उन्होंने विषयगत शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान कर सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान एवं कौशलों को कक्षा में व्यावहारिक रूप देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार वरिष्ठ अध्यापक एलके दास ने किया।

## आरएसएस का गोधनपुर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित





हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आरएसएस के कार्यों के सम्मान में गोधनपुर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, पुरूष शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता संघ के विभाग प्रचारक हेमन्त नाग ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भी श्री नाग थे।

रविवार को गोधनपुर के योगेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में इस वृहद हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मां सरस्वती देवी एवं प्रभु श्रीराम व हनुमान जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ उपरांत संघ के विभाग प्रचारक हेमंत नाग ने वहा उपस्थित लोगों को संबोधित किया। श्री नाग ने कहा कि आज हिन्दू समुदाय को अपनी,अपनी आने वाली पीढ़ी व अपने धर्म को बचाए रखने के लिए आगे आना होगा। अब समय है हिन्दू समाज को जागृत होने का। हम, हमारा हिन्दू समाज पहले क्या था और आज हम क्या हो गए हैं, इसकी गहन समीक्षा की आवश्यकता है। हिन्दू को स्वयं जागृत होकर दूसरों को भी जागृत करना होगा। हम यदि अब भी समय रहते नहीं सचेत हुए तो आने वाला हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं नजर आ रहा है। कार्यक्रम में गोधनपुर में निवासरत हर समाज के बुजुर्गों का सम्मान किया गया। विभिन्न समाज की ओर से जगनारायण गुप्ता, बच्चा सिंह, अजय तिवारी, मातृशक्ति से सुमन द्विवेदी, चांददेव विश्वकर्मा आदि का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। मंच पर उपस्थित अतिथियों के परिचय एवं संक्षिप्त उद्बोधन पश्चात अजय तिवारी ने कहा अब हिन्दू परिवार को संगठित रहना होगा। मातृशक्ति से श्रीमती सुमन द्विवेदी ने परिवार में संस्कार की बुनियाद में माताओं एवं बहनों के योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। जगनारायण गुप्ता ने कहा यह सम्मेलन का सार्थक आयोजन है। समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। कार्यक्रम पश्चात सम्मेलन में उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरण किया गया, साथ ही सहभोज के आयोजन में सभी उपस्थित जन शामिल हुए।

#### बैनर पोस्टर से पटा वार्ड

हिन्दू सम्मेलन के आयोजन में वार्ड को बैनर पोस्टर से पाट दिया गया था। जगह-जगह झंडी एवं स्वागतम गेट लगाए गए थे। हिन्दू सम्मेलन में आगंतुको का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। सम्मेलन के इस वृहद आयोजन में अभय पालोलकर, पार्षद शिवमंगल सिंह, माघवेन्द्र सिंह, गोधनपुर शाखा कार्यवाहक अजय जायसवाल, बस्ती प्रमुख गुरू चरण सिंह, पालक श्रीरंजन खैरपाण्डे, चरण सिंह सैनी, शिव गुप्ता, शुभम तिवारी, हैप्पी सिंह, अर्नव सिंह, मनोज पासवान एवं रविकांत सिंह सहित बड़ी संख्या में आरएसएस से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## कार्यशाला में न्यायाधीश ने दी अपराधों की विधिवत विवेचना एवं साक्ष्य संकलन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



अपराध विवेचना की गुणवत्ता बढ़ाने और साक्ष्य संकलन को मजबूत करते हुए आरोपियों को सजा दिलाने को लेकर जिला पंचायत के सभाकक्ष में बीएनएस, बीएनएसएस, एनडीपीएस एक्ट व पाक्सो एक्ट की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर की उपस्थिति में किया गया।

कार्यशाला में न्यायाधीश द्वारा नवीन कानूनों, प्रमुख धाराओं और कानूनी प्रक्रियाओं की बारीकियों से पुलिस अधिकारी व विवेचकों को अवगत कराया गया। कार्यशाला में विवेचकों द्वारा विवेचना से जुड़े प्रश्नों का समाधान न्यायाधीश द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर ने कहा कि अपराध की विवेचना में त्रुटियां न हो यह सुनिश्चित करने यह कार्यशाला उपयोगी साबित होगी, विवेचकों में विवेचना के प्रति ज्ञान बढ़ेगा और पीड़ितों को न्याय व आरोपियों को सजा दिलाने में कारगर साबित होगा। उन्होंने विवेचना में एफआईआर से लेकर चालान पेश करने तक क्या-क्या कार्रवाई सुनिश्चित की जानी है, खामियां कहा होती है और विधिवत तरीके से विवेचना पूर्ण करने जरूरी मार्गदर्शन दिए। कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा कि कार्यशाला से विवेचकों को लाभ होगा और विवेचना के स्तर में सुधार आएगा तथा अपराध करने वाले आरोपी सजा के दायरे में लाए जा सकेंगे। प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में एनडीपीएस एक्ट से जुड़े मामलों में चूक हो जाती है जिसका फायदा अभियुक्त को मिलता है। उन्होंने एनडीपीएस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने से लेकर सही तरीके से अनुसंधान की जानकारी दी। द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुमित कुमार हर्षमाना ने नवीन कानून बीएनएस, बीएनएसएस के प्रावधानों को बताया और कहा कि विवेचना में प्रक्रियात्मक खामियां न करें, सबूतों को सही ढंग से इकट्ठा करें, डिजिटल साक्ष्यों को बारीकी से प्राप्त करें ताकि साक्ष्य मजबूत हो और अपराधी को दण्ड मिल सकें। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद प्रकाश वारियाल द्वारा पॉक्सो एक्ट एवं जेजे एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधानों को बताया। कार्यशाला के आयोजक व जिले के एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने उपस्थित विवेचकों को कहा कि कार्यशाला से प्राप्त मार्गदर्शन का उपयोग बेहतर अपराध अनुसंधान में करें।



## पीएम आवास में प्रगति कार्य का निरीक्षण

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के शीघ्र एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

योजना की प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन प्रत्येक हितग्राही से सीधे संवाद कर रहा है। इसी क्रम में गत दिवस कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिलेभर के सरपंचों, सचिवों एवं तकनीकी सहायकों की बैठक लेकर आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की थी तथा सभी अधिकारियों को हितग्राहियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने विकासखंड बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरिया का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की तथा उन्हें शीघ्र आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया।

## किसान के खेत से सोलर सबमर्सिबल पंप सेट चोरी

**अंबिकापुर।** राम बहादुर कुशवाहा द्वारा अपने खेत में सौर सुजला योजना के तहत 3 एचपी का सोलर सबमर्सिब्ल संयंत्र का सोलर पंप मोटर, केबल तार, रोप वायर अपने भगवानपुर खुर्द स्थित खेत में लगवाया गया था। 11 दिसम्बर को जब किसान खेत पहुंचा तो उसका 3 एचपी सोलर सबमर्सिबल पंप सयंत्र का सोलर पंप मोटर, केबल, रोप वायर 55मीटर, एचडीपीई पाइप नहीं था। किसान की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धरा 303 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

सामाजिक संगठनों में आक्रोश

## बूचड़खाना ले जा रहे मवेशियों से भरा पिकअप पलटा, 4 गायों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सेदम

बतौली क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर में आज तड़के मवेशियों से भरा पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में पिकअप में भरे 9 मवेशियों में से चार मवेशी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मवेशी तस्कर मौके से फरार हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर हिन्दू संगठन गायों को वाहन से बाहर निकाल सेवा में लगे रहे तथा पुलिस की उदासीन रवैया को लेकर भारी आक्रोशित है।

जिले में गौ तस्करी नई बात नहीं है कई वर्षों से लगातार तस्कर अंबिकापुर बतौली बगीचा मार्ग से होते हुए पिकअप में मवेशियों को ठूस ठूस कर कर अंतर्राज्यीय तस्करी कर पुलिस प्रशासन के नाक के पशु क्रूरता अधिनियम की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे है। आज भी तड़के 3 बजे राज्य राजमार्ग 43 ग्राम बिलासपुर पुलिया के समीप बालगोविंद यादव के घर के सामने खराब सड़क में तेज रफ्तार पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 4247 खराब सड़क के गड्ढे भरने गिट्टी चुरा से टकराकर पिकअप खेत में पलटी गई। वाहन के पलटने की आवाज सुन बालगोविंद यादव निकल कर बाहर देखे तो वाहन से गायों की आवाज सुनकर मौके पर गए तो वाहन में 9 गायों को ठुस ठुस कर बांध कर भरा हुआ था जबकि चालक मौके से फरार हो चुका था। इधर घटना की खबर हिन्दू संगठन सहित ग्रामीणों को लगी तो सभी मौके पर पहुंच वाहन से गायों को निकाल सेवा में लगे रहे। कड़ाके की ठंड और तस्करों की क्रूरता का शिकार 4 गायों की मौत हो गई जबकि 5 गाय सुरक्षित है । घटना की सूचना पर बतौली पुलिस भी मौके पर पहुंच कर वाहन जब्त कर थाने ले आई है।



घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ व मृत मवेशी।

## दो पशु तस्करों को किया गया गिरफ्तार

**बलरामपुर।** पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहे दो अन्य तस्करों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है जबकि अबतक इस मामले में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि 17 जुलाई को सेमरसोत जंगल एवं दलधोवा में गौवंशीय पशुओं को तस्करों के कब्जे से बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरांत 8 आरोपियों को अबतक गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं अब पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे मुख्य तस्कर सरगना झारखंड के गढ़वा रंका अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी मनोज भुईहर आ. प्रसाद राम व



पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम कंडा निवासी प्रदीप सदोम आ. माधव सदोम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को धारा 4, 6, 10 पशु परिरक्षण अधिनियम, 11(1)(घ) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




















## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567

## खबर संक्षेप

### दो लैंडमाइन विस्फोट में कोबरा के दो जवान घायल

**बिसरा।** सुंदरगढ़ जिले के बिश्रा ब्लॉक से झारखंड सीमा की ओर मात्र 30 किलोमीटर दूर स्थित झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सरंडा जंगल में नक्सलियों ने एक बार फिर सुरक्षा बलों को निशाना बनाया है। सरंडा के छोटानागरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बालिबा गांव के समीप चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा पहले से बिछाए गए दो लैंडमाइन में विस्फोट हो गया। इस घटना में कोबरा बटालियन के दो जवान घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसारए पहले विस्फोट में कोबरा 209 बटालियन के जवान अलेख दास घायल हुए। इसके लगभग 30 मिनट बाद उसी इलाके में हुए दूसरे विस्फोट में उसी बटालियन के जवान नारायण दास घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची एयरलिफ्ट किया गया है। इसकी पुष्टि पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने की है। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है। अतिरिक्त बलों की तैनाती के साथ सरंडा के घने जंगलों में सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिया गया है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आई 5 वर्षीय बच्ची, मौके

**रायगढ़।** घर के बाहर बालू में खेलते हुए एक बच्ची ट्रैक्टर की चपेट में आ गई जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। पूरा मामला लैलूंगा के ग्राम जमुना का है। जहां सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से 5 वर्षीय मासूम बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार मृत बच्ची के पिता का नाम उग्रसेन चौहान निवासी ग्राम जमुना बताया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मासूम बच्ची अपने घर के पास बालू में खेल रही थी तभी ट्रैक्टर-ट्रॉली जिसका क्रमांक CG 13 BA 2464 है, अनियंत्रित होकर बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बच्ची की मौके पर मौत हो गई घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते मातम का माहौल बन गया। इस दिल दहला देने वाली घटना की वजह से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

## पेज 1 का शेष

### धर्म की रक्षा के ...

संगठित रखते हुए अपनी संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करनी होगी उन्होंने कहा कि स्वयं के साथ साथ समाज को भी सशक्त बनाना आवश्यक है धर्मांतरण और जिहाद जैसी गतिविधियों के विरुद्ध जागरूक रहना प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है उन्होंने हिन्दू समाज से आह्वान किया कि आसपास सतर्क नजर रखें और कहीं भी अधर्म की गतिविधि दिखे तो उसका विरोध करें धर्म की रक्षा ही प्रत्येक सनातनी का परम धर्म है

### कड़ी मेहनत और ...

पर विजय हासिल की जा सकती है। जशपुर में आयोजित स्टेट ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आकर्षी जशपुर पहुंची हैं। यहां वे अपने बेहतरीन खेल से न सिर्फ मुकाबले जीत रही हैं, बल्कि युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा भी बन रही हैं। आकर्षी ने बताया कि वे वर्ष 2012-13 में भी जशपुर में स्टेट गेम्स खेलने आ चुकी हैं। उन्होंने जशपुर जिले में विकसित हो रहे खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना करते हुए कहा कि यदि खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन और अच्छे कोच मिलें, तो जशपुर के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक सकते हैं।

## भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की महत्वपूर्ण पहल

# जिले की गवर्नेंस एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट की जाएगी तैयार

### जिले के इतिहास, भूगोल से लेकर जनजाति एवं पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी किया जाएगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए), नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में अपने क्षेत्रीय ब्रांच की स्थापना की गई है। इसके साथ ही आईआईपीए ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए छत्तीसगढ़ के एक जिले का विकास रिपोर्ट बनाने के लिए जशपुर जिले का चयन किया है। इस पहल के अंतर्गत जिले के सर्वांगीण विकास, प्रशासनिक संरचना एवं संभावनाओं को राष्ट्रीय पटल पर प्रस्तुत करने के उद्देश्य से "गवर्नेंस एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट" नामक विस्तृत विकास पुस्तिका का निर्माण किया जाएगा।

यह रिपोर्ट जशपुर जिले की पहचान को एक प्रामाणिक और सुव्यवस्थित दस्तावेज के रूप में स्थापित करेगी। इस संबंध में आईआईपीए छत्तीसगढ़ ब्रांच के चेयरमैन सेवानिवृत्त आईएएस एस के मिश्रा एवं कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला कलेक्ट्रेट में एक विस्तृत समन्वय बैठक ली। बैठक में जिले के विभिन्न विषयगत क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों, विभागीय अधिकारियों एवं जानकारों को आमंत्रित किया गया। इस दौरान विकास पुस्तिका के लिए रिपोर्ट लेखन, तथ्य संकलन एवं विषयवार अध्ययन की जिम्मेदारी संबंधित विशेषज्ञों को सौंपी गई। इस दौरान बैठक में रिटायर्ड आईएएस मिश्रा, एसडीएम विश्वास राव मस्के सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में चेयरमैन श्री मिश्रा एवं कलेक्टर श्री व्यास द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि पुस्तिका का उद्देश्य केवल जानकारी प्रस्तुत करना नहीं, बल्कि जिले की विकास यात्रा, प्रशासनिक प्रयासों, उपलब्धियों एवं भावी संभावनाओं को समग्र दृष्टिकोण से प्रदर्शित करना है। विशेषज्ञों को उनके दायित्वों, लेखन की शैली, तथ्यात्मक सटीकता, डेटा स्रोतों, प्रस्तुतीकरण की रूपरेखा एवं समय-सीमा के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। सभी विशेषज्ञों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विषयों पर सारगर्भित, विश्लेषणात्मक एवं प्रमाणिक जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराएं, जिससे पुस्तिका निर्माण का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किया जा सके।प्रस्तावित पुस्तिका में जशपुर जिले के ऐतिहासिक, भौगोलिक एवं भू-गर्भिक स्वरूप, जनजातीय समाज, परंपरागत जीवनशैली, कला-संस्कृति एवं विशिष्ट रीति-रिवाजों का समावेश किया जाएगा। साथ ही सामाजिक विकास, मानव संसाधन की स्थिति, केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन का परिदृश्य, वनोपज आधारित आजीविका, स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था की प्रगति को भी विस्तृत रूप से दर्शाया जाएगा। इसके अतिरिक्त रिपोर्ट में पर्यटन संभावनाएं, औद्योगिक विकास की दिशा, अधोसंरचना, खेल गतिविधियां, कृषि, उद्यानिकी एवं संबद्ध संस्थानों की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की संभावनाएं, साथ ही जिले में किए जा रहे प्रशासनिक एवं विकासात्मक नवाचारों को भी शामिल किया जाएगा। यह पुस्तिका नीति-निर्माताओं, शोधकर्ताओं एवं प्रशंसकों के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ दस्तावेज के रूप में उपयोगी सिद्ध होगी। अधिकारियों ने बताया कि इस पुस्तिका के तैयार होने से जशपुर जिले की विकास गाथा को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान मिलेगी तथा जिले से संबंधित सूचनाओं का संगठित, प्रामाणिक एवं दीर्घकालिक दस्तावेजीकरण संभव हो सकेगा। यह पहल न केवल जिले की उपलब्धियों को उजागर करेगी, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं के लिए भी ठोस आधार प्रदान करेगी।



### भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की भूमिका एवं कार्य

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान देश में लोक प्रशासन, सुशासन एवं सार्वजनिक नीति के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्था है। आईआईपीए का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाना, शासन प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना तथा विकास से जुड़े मुद्दों पर शोध एवं प्रशिक्षण के माध्यम से नीति-निर्माण में सहयोग प्रदान करना है। यह संस्थान केंद्र एवं राज्य सरकारों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है, विकास एवं गवर्नेंस से संबंधित शोध अध्ययन करता है तथा विभिन्न राज्यों और जिलों के लिए नीति-आधारित रिपोर्ट एवं दस्तावेज तैयार करता है। जशपुर जिले में "गवर्नेंस एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट" का निर्माण इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसके माध्यम से स्थानीय विकास को राष्ट्रीय संदर्भ में प्रस्तुत किया जाएगा।



# अवैध ईंट भट्ठा निर्माण पर कार्रवाई वन विभाग ने किया ईंट जब्त

**जशपुरनगर।** वन परिक्षेत्र मनोरा के सोनक्यारी परिसर अन्तर्गत वनक्षेत्र में अवैध रूप से ईंट भट्ठा निर्माण की सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई।

कार्रवाई के दौरान मौके से अवैध रूप से निर्मित ईंटों को जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत लगभग 01 सप्ताह से सोनक्यारी से लगे हुए आरक्षित वन भूमि आरएफ 320 में राकेश एवं दिसम्बर द्वारा अवैध रूप से ईट निर्माण का कार्य किया जा रहा था। वन विभाग की सतर्कता तथा वनमण्डलाधिकारी जशपुर के निर्देशों के पालन में उक्त अवैध ईट निर्माण पर कार्रवाई करते हुए ईंट जब्ती की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपियों द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया। आरोपियों ने कथन दिया कि अज्ञानतावश वनभूमि की जानकारी न होने के कारण यह कृत्य हुआ। उन्हें भविष्य में पुनः वनक्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध ईट निर्माण अथवा अन्य अवैध गतिविधि न करने हेतु कड़ी हिदायत दी गई। वन विभाग द्वारा वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण एवं निर्माण के विरुद्ध आगे भी सख्त एवं सतत कार्रवाई जारी रहेगी।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में मिला 212 मरीजों को लाभ

**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा की मुख्य शाखा रायगढ़ की इकाई औघड़ की मड़ई में 10 दिसंबर को आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 212 मरीजों को लाभ मिला। यह शिविर हर माह की 10 तारीख 20 तारीख 30 तारीख को आयोजित होता है। पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम जी के निर्देशन में आम लोगों के जीवन को रोशन करने की दिशा में निरन्तर आयोजित होने वाले ये शिविर मिल का पत्थर साबित हो रहे है। मरीजों का नेत्र जांच डॉक्टर संदीप शर्मा द्वारा की गई। इस जांच के दौरान 134 मरीजों को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया। वही 100 मरीजों को नेत्र सम्बन्धित ड्राप दिया गया।जांच के दौरान 32 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले जिन्हें चिकित्सकों द्वारा उचित परामर्श दिया गया।

**जीवन को उत्सव की तरह जीने का संदेश**

# अहिंसा रक्षा पदयात्रा के तहत जशपुर में मांगलिक अनुष्ठान

**जशपुरनगर।** अहिंसा रक्षा पदयात्रा के अंतर्गत मंगलवार को दिगंबर जैन मंदिर, जशपुर में आध्यात्मिक वातावरण में मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुईं। समाधि धारक आचार्य विद्यासागर महाराज से दीक्षित तथा आचार्य समयसागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि धर्मसागर महाराज एवं मुनि भावसागर महाराज के सानिध्य में अभिषेक, शांतिधारा, शास्त्र अर्पण एवं आहारचर्या विधिपूर्वक आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रवीण जैन काला, डिंपल बड़जात्या, मुकेश जैन, विमल जैन, प्रभात गोयल (सिवनी) जैन समाज की महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि भावसागर महाराज ने युवाओं को जीवन का मूल्य समझाते हुए कहा कि आज पढ़ाई में असफलता या अपेक्षित परिणाम न मिलने पर बढ़ती निराशा आत्महत्या जैसे घातक विचारों को जन्म दे रही है। यह न केवल स्वयं के जीवन का अंत है, बल्कि उन माता-पिता और परिजनों के विश्वास के साथ भी छल है जिन्होंने अनेक कष्ट सहकर संतान को बड़ा किया। उन्होंने कहा कि माँ का प्रेम निस्वार्थ होता है और उसकी हर धड़कन में संतान समाई रहती है। लक्ष्य को पाने की जिद अपनी नहीं तो छोड़ने में संकोच न करें-मुनि श्री ने कहा कि यदि किसी लक्ष्य को पाने की जिद अपनी नहीं है तो उसे छोड़ने में संकोच न करें, लेकिन यदि लक्ष्य स्वयं का है तो धैर्य, आत्मविश्वास और विश्वास बनाए रखें।



### बुरी संगत एवं नशे से दूर रहने का संदेश

धर्मसभा में बुरी संगति और नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए मुनि श्री ने कहा कि सिगरेट और शराब जैसी आदतें आत्मविश्वास को कमजोर करती हैं और भविष्य को अंधकारमय बना देती हैं। जीवन को खेल की तरह खेलो,जीत में भी मुस्कराओ और हार में भी। अंत में उन्होंने कहा कि खुश रहने का कोई रास्ता नहीं होता, खुश रहना ही स्वयं एक रास्ता है। सफलता दूसरों की दृष्टि से है, किंतु आनंद और जीवन स्वयं से है।

### घिवरा से लेकर चंद्रपुर तक राज्य मार्ग का हाल-बेहाल

**बिर्रा ।** लोक निर्माण विभाग संभाग चांपा के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा, मल्दा से डभरा चंद्रपुर तक राज्य मार्ग की हालत बद्तर हो चुकी है। इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा बन गया है, जिसके कारण इस राज्य मार्ग पर चलने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि सक्ती जिला के जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत घिवरा और मल्दा से लेकर डभरा - चंद्रपुर तक इस राज्य मार्ग की हालत बहुत ज्यादा खराब हो गई है। यह राज्य मार्ग जांजगीर चांपा जिला और सक्ती जिला को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। इसी राज्य मार्ग से यात्री बसें, ऑटो, मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर, ट्रक, कैप्सूल हाईवा आदि बड़ी-बड़ी गाड़ियां शिवरीनारायण, बिलासपुर, रायपुर, बलौदा बाजार, रायगढ़ ,कोरबा जिला और आदि अन्य शहरों के लिए आते जाते हैं। रोजाना हजारों की तादाद में चलने वाले वाहन चालकों को इस राज्य मार्ग में बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए है।

# विमेंस सिंगल में आरुषि और मेंस में हर्षित रहे विजेता

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में आयोजित 5 दिवसीय 24वीं योनेक्स सनराइज स्टेट सीनियर बैडमिंटन चौंपियनशिप का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रतियोगिता के दौरान खेले गए रोमांचक और उच्च स्तरीय मुकाबलों ने दर्शकों को पूरे समय उत्साह से बांधे रखा, जिसका सभी खेलप्रेमियों ने भरपूर आनंद लिया।

■ 24 वीं योनेक्स सनराइज स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप का समापन

आज खेले गए फाइनल मुकाबलों में अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 58वां स्थान प्राप्त खिलाड़ी आरुषि कश्यप ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विमेंस सिंगल का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने कड़े मुकाबले में तनु चंद्रा को 22-20 एवं 21-16 से पराजित किया। वहीं मेन्स सिंगल फाइनल में हर्षित ठाकुर ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए मानस भट्टाचार्य को 21-18 एवं 21-10 से हराकर विजेता बने। मेन्स डबल में आयुष मखीजा एवं सौरभ साहू की जोड़ी ने धीरज खत्री और जयेश होशंगाबादी को पराजित कर खिताब जीता। विमेंस डबल में हीरल चौहान एवं करिश्मा कार्डिकर की जोड़ी ने दीक्षा चौधरी और इशिका पोद्दार को हराकर जीत दर्ज की। मिक्स्ड डबल के रोमांचक मुकाबले में वेंकट गौरव प्रसाद एवं जूही देवांगन की जोड़ी ने दीक्षा चौधरी और सुजय तंबोली को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय रहे। इस अवसर पर नगर पालिका जशपुर अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत, नगर पालिका जशपुर उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कृष्ण कुमार राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, एसडीएम विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, बैडमिंटन संघ के सेक्रेटरी विनोद गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे और फाइनल मुकाबलों का आनंद लिया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर सालिक साय ने सभी खिलाड़ियों, कोच और सपोर्टिंग स्टाफ का यहां आकर खेलने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि आज का दिन रोमांच और उमंग से भरा रहा।



# मत्स्य कृषकों को दिया गया मछुआ प्रशिक्षण, कराया गया अवलोकन

**जशपुरनगर।** मछली पालन विभाग द्वारा सभी विकासखण्ड के मत्स्य पालन से जुड़े चयनित मत्स्य कृषकों को मोनोकल्चर को बढ़ावा देने और आधुनिक तकनीकी से मछली पालन हेतु तीन दिवसीय मत्स्य पालन तकनीकी उन्नयन मछुआ प्रशिक्षण दिया गया।

इसी के तहत अंतिम दिवस अध्ययन भ्रमण में बगीचा विकासखण्ड के ग्राम भितघरा में तालाब एवं पोण्ड लाईनर में तिलापिया मछली पालन का अवलोकन कराया गया। इसके बाद सरगुजा जिला के विकासखण्ड सीतापुर के ग्राम रजपुरी में रजपुरी जलाशय में स्थापित केज कल्चर में तिलापिया एवं पंगेसियस मछली पालन का अवलोकन कराया गया साथ ही ग्राम खड़ादोरना विकासखण्ड सीतापुर में पोण्ड लाईनर में तिलापिया मछली के साथ ही उद्यनिकी का अवलोकन कराया गया। जिले के 300 किसानों प्रशिक्षण में शामिल किया गया। उन्नत तकनीकी के माध्यम से मछली पालन करने हेतु लगभग 20 किसानों के द्वारा केज कल्चर, पोण्ड लाईनर एवं निजी तालाबों में मछली पालन करने हेतु रूचि दिखाया गया।

कार्यक्रम में सभी विकासखण्ड के अधिकारी उपस्थित रहे एवं उन सभी के द्वारा विभागीय योजनाओं का जानकारी के साथ-साथ मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु मोनोकल्चर के माध्यम से तिलापिया पालन के लिए तकनीकी ज्ञान दिया गया। कार्यक्रम सहायक संचालक मछली पालन जेके पैंकरा के मार्गदर्शन में किया गया।



# पीएमटी कन्या छात्रावास में व्यक्तित्व निर्माण शिविर

जशपुरनगर। अखिल विश्व गायत्री परिवार जशपुर के महिला मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा पीएमटी छात्रावास जशपुर में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की श्वेता दुबे ने बच्चियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा परिष्कृत व्यक्तित्व अपने अंदर के बाह्य एव आंतरिक व्यक्तित्व, विचार, वाणी, कर्म एवं संस्कारों के द्वारा निर्मित होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे गुण, कर्म, स्वभाव के द्वारा हमारा प्रभावशाली व्यक्तित्व बनता है।

तूलिका पाठक ने छात्रावास की बच्चियों के साथ सौंदर्य बनाम फैशन के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि हमें अपने बाहरी सौंदर्य के अपेक्षा आंतरिक सौंदर्यता के विषय में ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो मेकअप पानी से धूल जाए उसके अपेक्षा श्रेष्ठ कार्य में हमें अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए जो मृत्यु के बाद भीआपको अमर बना देंगेऔर यही है असली सौंदर्य है। आयोजन के दौरान किरण सिंह ने बच्चियों को सोशल मीडिया के फायदे एवं नुकसान के बारे में बात करते हुए कहा कि सोशल मीडिया का सदुपयोग सीखने, जागरूकता फैलाने, व्यावसायिक विकास और अपनों से जुड़ने के लिए किया जा सकता है, जहां आप ज्ञान साझा कर सकते हैं, सामाजिक मुद्दों पर आवाज़ उठा सकते हैं, अपना हुनर दिखा सकते हैं और तुरंत जानकारी पा सकते हैं, लेकिन इसका संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है ताकि यह लत, डिप्रेशन या गलत सूचना का कारण न बने, इसलिए समय का प्रबंधन और विवेकपूर्ण उपयोग आवश्यक है।




## सरिया क्षेत्र में फिर उठ रही शुगर फैक्ट्री की मांग

# ऑर्गेनिक गुड़ की मिठास से पहचान बना रहे सरिया के किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सरिया क्षेत्र कभी गन्ना उत्पादन के क्षेत्र में अव्वल था। एक समय था सरिया क्षेत्र की गन्ना से सरहदी प्रांत ओडिशा का पोन्नी शुगर फैक्ट्री संचालित होता था। आज इसकी विपरीत स्थिति से यहां गिने चुने कुछ क्षेत्रों में ही गन्ने का उत्पादन किया जाता है। इन सब के बावजूद एक ऐसा कृषक आज भी अपनी कड़ी, मेहनत, लगन के बल पर गन्ना उत्पादन कर उसे गुड़ के रूप में तब्दील कर लोगों तक पहुंचा रहे हैं।

खास है इस गुड की मिठाई जिसके कारण इसकी डिमांड बनी रहती है। दरअसल सारंगढ़ बिलाईगढ जिले के सरिया तहसील के अंतिम छोर पर बस एक छोटा सा गांव जयपुर तोरा निवासी चतुर प्रधान 55 वर्ष देशी गुड़ विगत 20 वर्षों से बनते आ रहे हैं। बताते हैं कि गुड़ गुणों की खान है। इसके गुणों को और निखार रहा है यहां के चतुर प्रधान। वह ऑर्गेनिक खेती करने से लेकर ऑर्गेनिक गुड़ तैयार करता है। इस आर्गेनिक गुड़ की काफी डिमांड है। मांग ज्यादा होने से गुड़ के लिए एडवांस में बुकिंग करवानी पड़ती है। उनके यहां देशी पद्धति से गुड़ बनाया जाता है। इसके लिए कोई भी केमिकल इस्तेमाल नहीं किया जाता। चतुर प्रधान पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर गन्ने की फसल तैयार करने से लेकर देसी गुड़ बनाने में सब का सहयोग रहता है। यही कारण है की अच्छी क्वालिटी के गुड़ बनाते हैं। इनके द्वारा तैयार किया गया गुड़ अंचल में ही खपत हो जाता है। जो उनके गुड़ के बारे में जानते हैं। वह दूर-दूर से आकर ले जाते हैं। कोई दुकान नहीं कोई प्रचार प्रसार नहीं और गुड़ की मांग कितनी होती है की पूर्ति नहीं होती है। चतुर प्रधान बताते हैं कि गुड़ के शौकीन पूछते हैं की गुड़ कब मिलेगा। और जैसे ही गुड़ बनने की खबर लोगों को होती है। वह उनके फार्म हाउस में पहुंचकर गुड़ ले आते हैं। छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहार छेरछेरा पुन्नी को लेकर किसानों से लेकर आम लोगों में गुड़ की मांग होती है।



किसान खेती किसानी पूरा कर अपने उपज बेचने के बाद छेरछेरा पुन्नी को उत्साह एवं उमंग के साथ मनाते हैं और इसमें गुड़ का विशेष योगदान रहता है। गुड़ के बिना छेरछेरा पुन्नी अधूरा माना जाता है। इसीलिए चतुर प्रधान का गुड़ अंचल में विख्यात है। विगत 20 वर्षों से चतुर प्रधान गुड़ का उत्पादन अपने फार्म हाउस में करता है। लोगों को शुद्ध गुड़ मुहैय्या करने का जुनून उनकी बातों में झलकता है। उनका कहना है कि गुड़ बनाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। डीजल महंगा, मजदूर महंगी ऐसे में गुड़ बनाना टेढ़ी खीर के समान है। इसके बावजूद भी हम लोग खेती किसानी को ही अपना सब कुछ मानते हैं और परिवार के 12 सदस्यों में से आधे सदस्य गुड़ निर्माण में लग जाते हैं और यह हमारा आय का सबसे बड़ा साधन है। खेती किसानी से ही हम लोग आगे बढ़े हैं। कोई कहे की खेती किसानी नुकसान का कारोबार है तोए इसे मैं विश्वास नहीं करता। आज जो कुछ हूँ खेती किसानी एवं अपनी मेहनत लगन के बल पर हूं। इस कार्य में उसके पिता दूत प्रधान 80 वर्षए माता प्रेमशिला 70 वर्षए उनके भाई भुसका प्रधान 50 वर्ष का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन है। जिसके कारण वह खेती किसानी के साथ उत्पादन में सफलता प्राप्त की है और एक उन्नत किसान के रूप में पहचाने जाते हैं। बता दें कि सरिया क्षेत्र में गन्ना उत्पादन लिए गन्ना का मूल्य नहीं मिलने के कारण एवं सरहदी प्रांत उड़ीसा में शुगर फैक्ट्री बंद होने के कारण किसान अब गन्ना उत्पादन नहीं कर रहे हैं। आंचलिक किसान संघ के सचिव नंदकिशोर विश्वाल ने बताया कि एक समय था कि सरिया में शुगर फैक्ट्री के लिए स्थल भी प्रस्तावित हो गया था और साल्हेओना ग्राम का चयन किया गया था।

